आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 152 | उज्जैन, बुधवार 24 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## सी-विजिल एप पर उल्लंघन की मिली 3 हजार 757 शिकायतें, सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से ÷सी-विजिल एप÷ पर आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ÷सी-विजिल एप÷ पर 16 मार्च से 23 अप्रैल तक आचरण संहिता उल्लंघन की 3 हजार 757 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।




श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 381, सागर में 295, उज्जैन में 257, दमोह में 224, मुरैना में 184, राजगढ़ में 177, रीवा में 166, इंदौर में 159, सीहोर में 119, खरगौन में 112, नरसिंहपुर में 109, कटनी में 106 और सतना जिले में 104 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं।

श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

### 100 मिनट में होगी कार्रवाई

श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श निर्वाचन आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर चुनावी विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

## बैंकों को नहीं बकायेदारों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास किसी भी बकाएदार के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं है। विराज शाह बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस जीएस पटेल और जस्टिस माधव जामदार की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के तहत सार्वजनिक बैंकों को भारतीय नागरिकों या विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति नहीं है।

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ ने ये फैसला सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कर्जदारों/बकाएदारों को विदेश यात्रा से रोकने के लिए जारी लुक आउट सर्कुलर्स को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया है। हालांकि, मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन संविधान के दायरे से बाहर नहीं हैं लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंधकों को लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति देने का अधिकार मनमाना है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अनुरोध पर जारी किए गए सभी लुक आउट सर्कुलर को रद्द कर दिया।

## तेज हवाएं भी नहीं झेल पाया पुल! मिनटों में ढह गया 7 साल से बन रहा ब्रिज



नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण भारतीय राज्य तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मनैर नदी पर एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा सोमवार रात को ढह गया। तेज हवाओं के कारण पुल के दो सीमेंट गार्डर गिर गए।

घटना देर रात को हुई इस कारण कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार, पेद्दापल्ली जिले के ओडेडु और जयशंकर भूपालपल्ली जिले के गार्मिलपल्ली के बीच मनैर नदी पर बने पुल का निर्माण 2016 में शुरू हुआ था।

हालांकि, बदलते ठेकेदारों और पैसों की कमी के कारण निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने अंतरिम रूप से एक अस्थायी मार्ग का उपयोग करना शुरू कर दिया। घटना रात के दौरान होने से जनहानि टल गई। हालांकि शादी में जा रही एक बस में सवार लोग भाग्यशाली रहे। बताया जा रहा है कि पुल ढहने से एक मिनट पहले ही वह बस उसके नीचे से गुजरी थी।

## सुप्रीम कोर्ट हैरान! दिल्ली में हर दिन तीन हजार टन कचरा नहीं होता साफ, दस मई तक निकायों से मांगा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर स्तब्धता जताई कि दिल्ली में हर दिन 11 हजार टन ठोस शहरी अपशिष्ट पैदा होता है जिसमें से तीन हजार टन कचरे को साफ नहीं किया जाता है। जस्टिस अभय एस.ओक और उज्जवल भुयन की खंडपीठ ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की रिपोर्ट पर कहा कि यह बेहद गंभीर मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन नियमों, 2016 को लागू हुए आठ साल हो चुके हैं लेकिन दिल्ली में इसका कहीं कोई पालन नहीं हो रहा है। यह बहुत स्तब्ध करने वाली बात है। सीएक्यूएम रिपोर्ट के अनुसार औसतन हर दिन दिल्ली में 11 हजार टन कचरा होता है लेकिन केवल आठ हजार टन करते का ही शोधन हो पाता है। इससे साफ है कि राजधानी दिल्ली में हर दिन तीन हजार टन कचरे का निस्तारण नहीं हो पाता है और कचरे का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता जाता है।

खंडपीठ ने दिल्ली कंटोनमेंट बोर्ड को नोटिस जारी किया- खंडपीठ ने कहा कि इसलिए उसने एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली कंटोनमेंट बोर्ड को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इस सबसे दस मई तक जवाब मांगते हुए कहा कि अगली सुनवाई से पहले इन तीनों नगर निकायों को 2016 के नियमों के पालन के संबंध में अधिकारियों की एक बैठक बुलानी होगी।

## कश्मीर में हत्याओं को अंजाम दे रहे पाकिस्तानी, राजौरी टारगेट किलिंग के पीछे 2 आतंकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में हुईं टारगेट किलिंग से हड़कंप मच गया है। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार रात को आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब घटी जब मृतक अब्दुल रज्जाक थानामंडी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने गांव कुंडा टॉप में घर के पास एक मस्जिद से बाहर आया था।

पुलिस का कहना है कि इस टारगेट किलिंग के पीछे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। आतंकवादियों ने करीब से गोली चलाई। पुलिस ने कहा कि आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी मोहम्मद रजाक को जिले के शाहदरा शरीफ में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई।

अधिकारियों ने कहा कि रज्जाक का भाई क्षेत्रीय सेना में सिपाही है। जब आतंकवादियों ने गोलीबारी की तो उनका भाई भी उनके साथ था। उन्होंने उसका अपहरण करने की कोशिश की लेकिन वह सुरक्षित भागने में सफल रहा। पुलिस के मुताबिक, आतंकियों ने हमले में अमेरिका में बनी एम4 राइफल और पिस्तौल का इस्तेमाल किया। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने हमले में इस्तेमाल की गई एम4 राइफल की गोलियां बरामद की हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

## नूडल्स के पैकेट में हीरे और अंडरगारमेंट्स में सोना छिपाकर ले जा रहा था यात्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और अंडरगारमेंट्स में छिपाकर लाया गया सोना जब्त किया। इनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। इस मामले में चार यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। कस्टम डिपार्टमेंट ने सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि सप्ताहांत में 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.8 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त किए गए। मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक भारतीय नागरिक को रोका गया और उसे ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाकर हीरे की तस्करी करते हुए पाया गया।

## सेना और हथियार पर कितना खर्च करता है भारत? सामने आई नई रिपोर्ट; नंबर वन पर अमेरिका काबिज



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।

वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक- भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

अमेरिका बना दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता - पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

ये देश हैं हथियारों के सबसे बड़े खरीदार- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

# क्या है काकेशियन राजनीति, जो ईरान की खींच रही टांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल से तनातनी के बीच भले ही ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पड़ोसी देश पाकिस्तान से तल्ख रिश्तों की जगह मधुर संबंध बनाने के लिए वहां तीन दिनों के दौरे पर हों लेकिन हकीकत यही है कि ईरान चहुंओर घिरा हुआ है। इजरायल से उसके संबंध खराब हैं। सऊदी अरब से पुरानी दुश्मनी है। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों से रिश्ते तल्ख हैं यहां तक कि ईरान अपने पड़ोसी मुस्लिम मुल्कों अजरबैजान और आर्मेनिया की आंखों में भी चुभता रहा है। वह दुनिया के कूटनीतिक डगर पर डगमगा रहा है।

भौगोलिक तौर पर देखें तो शिया बहुल ईरान पश्चिम एशिया में स्थित है। इसकी सीमाएं उत्तर में कैस्पियन सागर, दक्षिण में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी से लगती है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान के अलावा अजरबैजान, अर्मेनिया, तुर्की, तुर्कमेनिस्तान और इराक से इसकी सीमाएं मिलती हैं। ईरान मुख्यत- पठारी और उबड़-खाबड़ भूमि का इलाका है।

इसकी असमतल जमीन का असर इसकी सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर भी परिलक्षित होती है। पड़ोसी देशों से इसके संबंध मधुर नहीं रहे हैं। तुर्की के विपरीत, ईरान मुस्लिम दुनिया का नेतृत्व करने में नाकाम रहा है क्योंकि इस्लामिक गुट में शिया बहुल ईरान महत्वहीन और अल्पसंख्यक मुल्क माना जाता रहा है। अयातुल्ला खुमैनी के ÷इस्लामी क्रांति÷ का नेतृत्व करने वाला ईरान अब रूढ़िवादी संस्कृति के कारण अपनी अहमियत और ताकत खो चुका है। ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे काकेशियन राजनीति के जाल में फंसाता है। इस राजनीति की शुरुआत काकेशस प्रदेश से होती है।

काकेशस यूरोप और एशिया की सीमा पर एक पर्वत श्रृंखला है, जो पूरब में कैस्पियन सागर और पश्चिम में काला सागर के बीच फैला है। इसी भौगोलिक क्षेत्र में ईरान के अन्य पड़ोसी देश भी स्थित हैं। इनमें अर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया, तुर्की और चेचेन्या आदि शामिल हैं। यह इलाका पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप का चौराहा भी कहलाता है।

सोवियत संघ को खड़ा करने की स्टालिन की योजना के तहत काकेशस के कई इलाके तब सोवियत संघ में शामिल हो गए थे। इसी भू-भाग में अजरबैजान, चेचन्या और जॉर्जिया ऐसे देश हैं, जो मुस्लिम बहुल हैं।सोवियत संघ के विघटन के समय इन देशों में भी राष्ट्रवादी भावना विकसित हुई थी। अजरबैजान और आर्मेनिया तो पुरानी ईरानी साम्राज्य का हिस्सा रहे हैं लेकिन आज ईरान के साथ उसके तल्ख रिश्ते हैं। अजरबैजान की बहुसंख्यक आबादी शिया मुस्लिमों की है, लेकिन उसकी निकटता ईरान से नहीं इजराइल से है।

## मलेशिया में बड़ा हादसा, 2 नेवी हेलीकॉप्टर आपस में टकराए; 10 लोगों की मौत


नई दिल्ली (एजेंसी)। मलेशिया में बड़ा हादसा हुआ है। रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हवा में 2 हेलीकॉप्टर टकरा गए। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। नौसेना की ओर से मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि दुर्घटना के शिकार सभी 10 चालक दल के सदस्य थे, जो आज सुबह 9.32 बजे पश्चिमी राज्य पेराक के लुमुट नौसैनिक अड्डे पर हुई। नौसेना की ओर से कहा गया कि सभी पीड़ितों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और उन्हें पहचान के लिए लुमुट आर्मी बेस अस्पताल भेज दिया गया।



इससे पहले, जापानी नौसेना के 2 हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 7 अन्य लोग अभी लापता है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के 8 सदस्य थे। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे। शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवत- आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे।

दूसरी ओर, दक्षिण फिलीपीन में हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है। ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया कि मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु सऊदी अम्पातुआन शहर के एक अंदरूनी इलाके की यह घटना है। यहां सोमवार को %बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स% के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में 7 सैनिक भी घायल हुए हैं। कगारा ने बताया कि विद्रोही समूह का एक प्रमुख कमांडर मोहिदेन अनिमबांग, उसका भाई सागा अनिमबांग और 10 अन्य संदिग्ध विद्रोही मुठभेड़ में मारे गए।

## उत्तरी फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार करते समय पांच लोगों की मौत, समुद्री तट पर मिले शव



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तरी फ्रांस से खतरनाक इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश करते समय मंगलवार को पांच प्रवासी मृत पाए गए हैं, इनमें एक बच्चा भी शामिल है। फ्रांसीसी मीडिया की रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया। वोइक्स डु नॉर्ड अखबार ने कहा कि शव मंगलवार को उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर पाए गए।

## मालदीव ने हिडन एजेंडा वालों को सिखाया सबक; बंपर जीत के बाद बड़बोले हुए मुइज्जू, भारत पर निशाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में रिकॉर्ड 71 सीटों पर जीत दर्ज करके ''प्रचंड बहुमत'' हासिल कर लिया है। इस चुनाव को राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था। उनकी नीतियों को लेकर भारत और चीन की नजर रहती है। बंपर जीत के बाद मुइज्जू का बड़बोला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के नतीजों ने दुनिया को दिखा दिया कि मालदीव के लोग अपना भविष्य अपनी मर्जी से चुनते हैं और वे किसी तरह का विदेशी दबाव नहीं चाहते। भारत का नाम न लेते हुए उन्होंने कहा कि हिडन एजेंडे वाले लोगों के लिए भी यह स्पष्ट सबक है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का समर्थक माना जाता है। मालदीव में सरकार बनाते ही मुइज्जू ने भारत विरोधी कार्य शुरू कर दिए थे। उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय सेना को वापस भेजना शुरू किया और चीन से दोस्ती को और गहरा किया। चीन की सरकार ने मालदीव में ऐतिहासिक जीत पर मुइज्जू को बधाई दी है।

मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने रविवार को हुए चुनाव में 93 में से 68 सीट जीतीं और इसके गठबंधन साझेदारों-मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) तथा मालदीव डेवेलपमेंट एलायंस (एमडीए) ने क्रमश- एक और दो सीट जीती हैं।

## ईरान को रातों-रात तबाह करना चाहता था इजरायल, फिर नेतन्याहू को आया एक फोन और बदल गया प्लान



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान के बीच हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान के 13-14 अप्रैल को मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास मिसाइल हमला किया, यह तो कंफर्म हो चुका है। लेकिन, रिपोर्ट से पता चला है कि इजरायल की शुरुआती प्लानिंग यह नहीं थी। इजरायल रातों-रात तेहरान समेत ईरान के बड़े सैन्य ठिकानों को तबाह करना चाहता था, इतने बड़े हमले की योजना थी कि ईरान को व्यापक पैमाने पर नुकसान हो। इजरायली अधिकारियों ने इस बात का खुलासा किया है कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ईरान को तगड़ी चोट देना चाहते थे लेकिन, एक फोन ने उनका इरादा बदल दिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ इजरायल की मूल जवाबी हमले की योजना में तेहरान सहित सैन्य ठिकानों पर व्यापक जवाबी हमला शामिल था। अखबार ने कहा, इजरायली पीएम नेतन्याहू और बाइडन ने फोन पर बातचीत में समझा कि इतने व्यापक और नुकसानदेह हमले को नजरअंदाज़ करना ईरान के लिए तब बहुत कठिन होता, जिससे ईरान के जबरदस्त जवाबी हमले की संभावना बढ़ जाती। इसलिए ऐन वक्त पर हमले की प्लानिंग और जगह को बदला गया।

## ब्रिटिश संसद से रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को मिली राहत




नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है। पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था।

# चीन में बारिश से आई बाढ़, डूब गया दुनिया का मैन्युफै B रिंग हब; सड़कों पर चलीं नावें

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगदोंग में ऐसी बारिश हुई है कि बड़ा इलाका तालाब में तब्दील हो गया है। बीते 65 सालों में हुई सबसे ज्यादा बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 लोग लापता हैं। इस बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग की राजधानी गुआंगझू में दिखा है। इसके अलावा पर्ल नदी की तलहटी पर बसे पर्ल रिवर डेल्टा में बड़ा इलाका पानी में डूब गया है। इस बारिश से ऐसी आपदा आई है कि प्रशासन ने करीब सवा लाख लोगों को निकाला गया है। यही नहीं करीब 26 हजार लोगों को शेल्टर होम्स में भेजा गया है।



ग्वांगझू में अप्रैल माह में 60.9 सेंटीमीटर बारिश हुई है। 1959 के बाद यह पहला मौका है, जब ग्वांगझू में इतनी भीषण बारिश हुई है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार झाओकिंग शहर में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक मौत शाओगुआन सिटी में हुई है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिली है कि इन लोगों की कैसे मौत हुई है। बीते शनिवार से शुरू हुई बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग प्रांत के इन दो शहरों में ही देखने को मिला है। हालात ऐसे हो गए हैं कि शहर के अंदर सड़कों पर नावें चल रही हैं।

बाजारों और रिहायशी इलाकों से लोगों को रबड़ की नावों के जरिए निकाला जा रहा है। पड़ोस के ही जियांग्शी प्रांत में भी बारिश ने खूब कहर ढाया है और वहां से 460 लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। इस बारिश से बड़े पैमाने पर फसलों को भी नुकसान हुआ है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस बारिश से करीब 41 मिलियन युआन है। गुआंगदोंग को दुनिया का फैक्ट्री फ्लोर कहा जाता है। यहां पर बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां हैं, जहां बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है। 6 दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब यहां इतनी बारिश हुई है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने दाऊदी बोहरा उत्तराधिकार मुकदमे को किया खारिज, सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दावे को रखा बरकरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने लंबे समय से विवादास्पद दाऊदी बोहरा शिया समुदाय के नास (उत्तराधिकारी) पद को लेकर आज अहम फैसला सुनाया है। पीठ ने सैयदना ताहेर फखरुद्दीन की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के उत्तराधिकारी पद को चुनौती दी गई थी। याचिका में ताहेर ने दावा किया था कि असली उत्तराधिकारी वो है और दाऊदी बोहरा समुदाय की सभी चल और अचल संपति पर उसका हक है। उन्होंने अदालत से यह भी मांग की है कि मुफद्दल को समुदाय की किसी भी संपति में घुसने न दिया जाए। हालांकि अदालत ने मुफद्दल की उत्तराधिकारी की उपाधि को सही पाया है।

9 साल तक चला मुकदमा- सैयदना उत्तराधिकार विवाद में मुकदमा समाप्त हुआ और नौ साल तक चलने वाले फैसले को अप्रैल 2023 में सुरक्षित रखा गया। अंतिम सुनवाई नवंबर 2022 में शुरू हुई और अप्रैल 2023 में समाप्त हुई।

2014 में 52वें सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन का निधन हो गया और उनके बेटे मुफद्दल सैफुद्दीन 53वें सैयदना बने।

## जेल में ही कटेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल के दिन, अदालत ने बढ़ाई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले के आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अब अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर से बढ़ा दी है। सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है। इसी के साथ अदालत ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी अब 7 मई को दोपहर 2 बजे होगी। बताया जा रहा है कि कथित शराब घोटाले में ईडी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस में आरोपी बनाए गए सीएम अरविंद केजरीवाल और चनप्रीत सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हुई थी। इनके अलावा बीआरएस नेता के कविता भी वर्चुअली अदालत में मौजूद थीं। तीनों ही आरोपी तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। के कविता की न्यायिक हिरासत सीबीआई से जुड़े केस में बढ़ाई गई है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है।

## एनसीएलटी ने सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिए दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस की याचिका पर मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जीईईएल) के चेयरमैन एमेरिटस चंद्रा के खिलाफ कारपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआइआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया।

विवेक इन्फ्राकान चंद्रा द्वारा प्रवर्तित एस्सेल ग्रुप का एक हिस्सा है- चंद्रा एस्सेल समूह से जुड़ी कंपनी विवेक इन्फ्राकान लिमिटेड को दिए गए कर्ज के गारंटर थे। हालांकि, पीठ ने दो अन्य लेनदारों आइडीबीआइ ट्रस्टीशिप और एक्सिस बैंक द्वारा दायर इसी तरह की याचिकाओं को खारिज कर दिया। 2022 में विवेक इन्फ्राकान द्वारा लगभग 170 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के लिए बाद इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया था। विवेक इन्फ्राकान चंद्रा द्वारा प्रवर्तित एस्सेल ग्रुप का एक हिस्सा है।

चंद्रा किसी भी संपत्ति को बेच नहीं सकेंगे- दिवालिया समाधान प्रक्रिया शुरू होने के बाद चंद्रा किसी भी संपत्ति को बेच नहीं सकेंगे। दरअसल, वर्ष 2019 में सरकार ने दिवालिया कानूनों के प्रविधानों में संशोधन किया था।

## मौसम के मिजाज ने फिर डराया! 40 डिग्री के पार होगा तापमान, अगले 5 दिन तक लू का कहर



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू की मार ने लोगों को बेहाल कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अभी इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में हीट वेव अगले 5 दिन तक जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति है और यह इस महीने में दूसरी बार है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में लू की स्थिति बनी हुई है। तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार में उच्च आर्द्रता लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। दिल्ली में मंगलवार को दिन में आसमान साफ रहने और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। आज राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, आने वाले दिनों में लू चलने की कोई संभावना नहीं है, लेकिन अगले तीन से चार दिन में दिल्ली का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। श्रीवास्तव ने कहा कि नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी भारत के करीब पहुंचेगा, लेकिन इसका राजधानी पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए आने वाले सप्ताह में दिल्ली में आसमान साफ रहेगा और बारिश का भी कोई पूर्वानुमान नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः एक से तीन दिन की अवधि की तुलना में चार से आठ दिन लू रहने की संभावना है। पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10 से 20 दिन तक हीट वेव की संभावना है। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पर्वतीय क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

## दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते, SC ने मुद्दे को गंभीर मानते हुए दिए निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुद्दे को गंभीर मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।

इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी।

याचिकाकर्ता महिला हिमाचल प्रदेश के विभाग में सहायक प्रोफेसर

अदालत ने राज्य के अधिकारियों को याचिकाकर्ता महिला (राज्य में बतौर भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर कार्यरत) को सीसीएल देने की याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया।

उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। अपने बेटे के इलाज और सीसीएल के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के कारण उनकी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त हो गईं।

पीठ ने कहा, चाइल्ड केयर लीव एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करती है, जहां महिलाओं को कार्यबल में समान अवसर से वंचित नहीं किया जाता है।

छुट्टियों से इनकार नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है उन्होंने कहा कि ऐसी छुट्टियों से इनकार एक कामकाजी मां को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे वाली महिला के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है।

# शराब से भरा टैंकर नेशनल हाईवे पर पलटा, 5 किमी लंबा लगा जाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेसवे पर खेड़ शिवपुर टोल प्लाजा के पास मंगलवार सुबह में शराब से भरा टैंकर पलट गया। इससे भारी ट्रैफिक जाम की समस्या खड़ी हो गई। शराब सड़क पर चारों ओर फैल गई थी, इसलिए किसी दुर्घटना से बचने के लिए पुलिस ने वहां पर बैरिकेडिंग कर दी। कई यात्रियों ने शिकायत की कि गाड़ियों की 5 किलोमीटर से अधिक लंबी कतार लगी रही, जिससे वे 2 घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक में फंसे रहे। इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।

पुणे के उद्योगपति निखिल चितले ने एक्स पर तंज कसते हुए कहा, खेड़ शिवपुर में 2 घंटे से अधिक समय से फंसा हुआ हूं। क्या मजे हैं। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, सांगली स्थित राजाराम बापू शुगर फैक्ट्री का एक टैंकर सुबह करीब 3ः30 बजे पलट गया। घटना के वक्त वो वसई-विरार की ओर जा रहा था। जैसे ही फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना मिली, नांदेड़ सिटी पीएमआरडीए फायर ब्रिगेड की टीम पुलिस के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गई। पीएमआरडीए फायर ब्रिगेड के फायरमैन विजय महाजन ने कहा, मुझे लगभग 3ः44 बजे इमरजेंसी कॉल आई। बताया गया कि खेड़ शिवपुर के पास सड़क दुर्घटना में टैंकर पलट गया है और यातायात बाधित है। इसके तुरंत बाद हमारे वाहन मौके पर पहुंचे और सफाई का काम शुरू कर दिया।

विजय महाजन ने बताया, ऐसा लगता है जैसे कि पहले टैंकर सड़क के डिवाइडर से टकराया होगा और फिर पलट गया। उन्होंने कहा कि सड़क पर शराब फैल गई थी जिसे साफ करने के लिए 4 क्रेन तैनात की गईं। इस हादसे टैंकर चालक और उसके सहयोगियों को मामूली चोटें आईं और उन्हें शुरुआती इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण प्रतिपदा

## संपादकीय

# सभी भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को कम से कम 10वीं कक्षा तक पढ़ाने की कोशिश करते हैं....



आमतौर पर सभी भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को कम से कम 10वीं कक्षा तक पढ़ाने की कोशिश करते हैं। लेकिन, नौकरियों के माहौल और अन्य आवश्यकताओं की समीक्षा करने के बाद, उन माता-पिता और उनके बच्चों को अवसरों की कमी और अवसरों के प्रति जागरूकता के बारे में पता चलता है। इसलिए, लोग जानना चाहते हैं कि 10वीं के बाद क्या करें? 10वीं के बाद क्या करें?- 10वीं के बाद अलग-अलग करियर विकल्प यदि आप भी इसके बारे में जानना चाहते हैं, तो कृपया इस लेख के अंत तक हमारे साथ बने रहें, क्योंकि, इस लेख में, हम आपको 10वीं के बाद क्या करें के बारे में सभी संबंधित जानकारी प्रदान करने जा रहे हैं। ? निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ करियर विकल्प हैं जिन्हें एक छात्र 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चुन सकता है- 01. इंजीनियरिंग तकनीशियन आप 10वीं कक्षा के बाद इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं और इंजीनियरिंग तकनीशियन बन सकते हैं। वे उत्पादों और उपकरणों के विकास, डिजाइन और परीक्षण के लिए इंजीनियरों के साथ काम करते हैं।

02. चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन नमूने एकत्र करते हैं और शरीर के तरल पदार्थ, ऊतकों और कोशिकाओं का विश्लेषण करने के लिए परीक्षण करते हैं। लैब तकनीशियन बनने के लिए आप 10वीं कक्षा के बाद मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा कर सकते हैं। 03. ग्राफ़िक डिज़ाइनर ग्राफिक डिज़ाइन में करियर के लिए रचनात्मकता और विस्तार पर नज़र रखने की आवश्यकता होती है। आप 10वीं कक्षा के बाद ग्राफिक डिजाइनिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं। 04. ऑटोमोबाइल मैकेनिक आप 10वीं कक्षा के बाद ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा कोर्स करके ऑटोमोबाइल मरम्मत और रखरखाव कौशल सीख सकते हैं। 05. ब्यूटीशियन आप 10वीं कक्षा के बाद कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा कोर्स करके मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और त्वचा की देखभाल की विभिन्न तकनीकें सीख सकते हैं। 06. वेब डिज़ाइनर वेब डिजाइनिंग में वेबसाइट और वेब पेज बनाना शामिल है।

आप 10वीं कक्षा के बाद वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं। 07. डिजिटल मार्केटिंग सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स के विकास के साथ, डिजिटल मार्केटिंग एक आवश्यक करियर विकल्प बन गया है। आप 10वीं कक्षा के बाद डिप्लोमा कोर्स करके डिजिटल मार्केटिंग कौशल सीख सकते हैं। 08. फैशन डिजाइनर आप 10वीं कक्षा के बाद फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं और फैशन डिजाइनर बन सकते हैं। 09. पत्रकारिता यदि आपमें लेखन और संचार का शौक है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद पत्रकारिता में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में अवसर प्रदान करता है। 10. कानून यदि आपकी रुचि कानूनी क्षेत्र में है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद कानून में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र कानूनी अभ्यास, कॉर्पोरेट कानून और सामाजिक न्याय में अवसर प्रदान करता है। 10वीं के बाद क्या करें? 10वीं कक्षा के बाद सर्वोत्तम करियर विकल्प4.1 11. उद्यमिता यदि आपके पास एक नवीन विचार और व्यवसाय के प्रति जुनून है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं। आप उद्यमिता में डिप्लोमा कोर्स करके व्यावसायिक कौशल सीख सकते हैं।

12. आतिथ्य उद्योग आतिथ्य उद्योग में होटल, रेस्तरां और अन्य संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। आप 10वीं कक्षा के बाद आतिथ्य प्रबंधन में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। 13. एनीमेशन यदि आप एनीमेशन और विजुअल इफेक्ट्स बनाने में रुचि रखते हैं, तो आप 10वीं कक्षा के बाद एनीमेशन में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र गेमिंग, फिल्म और विज्ञापन में अवसर प्रदान करता है। 14. मेडिकल आप मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में अपना करियर बना सकते हैं।

# सी. शंकरन नायर



सी. शंकरन नायर भारतीय न्यायविद एवं राजनेता थे, जिन्होंने अपने स्वतंत्र विचारों और स्पष्टवादिता के बावजूद उच्च सरकारी पद हासिल किए थे, जो उस समय भारतीयों को मुश्किल से मिलते थे। उन्होंने एक साथ मोहनदास करमचंद्र गांधी के नेतृत्व में चरम भारतीय राष्ट्वादी आंदोलन तथा ब्रिटिश भारत सरकार द्वारा इसे बलपूर्णक कुचले जाने, दोनों का विरोध किया था।

### जन्म एवं शिक्षा

सी. शंकरन नायर का जन्म 11 जुलाई, 1857 को मनकारा, पालक्काड के निकट, केरल में हुआ था। इनका पूरा नाम शंकरन नायर चेत्तूर था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पारंपरिक तरीके से घर में ही हुई थी और फिर वह मालाबार के स्कूल में जारी रही, कालीकट के प्रॉविन्शियल स्कूल से आर्ट्स की परीक्षा में वह प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसके बाद सी. शंकरन नायर ने मद्रास के प्रेसिडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया। 1877 में उन्होंने कला की उपाधि प्राप्त की और दो साल बाद मद्रास लॉ कॉलेज से क़ानून की उपाधि हासिल की। 1880 में इन्होंने मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर अपना पेशेवर जीवन शुरू किया।

### न्यायाधीश पद

शंकरन नायर को मद्रास प्रांत का सरकारी वकील 1899 में बनाया गया एवं महाधिवक्ता 1907 में तथा मद्रास उच्च न्यायालय का न्यायाधीश 1908 में नियुक्त किया गया। 1915 तक वह इस पद पर रहे। इसी बीच साल 1902 में वॉयसराय लॉर्ड कर्जन ने उन्हें सालिग यूनिवर्सिटी कमीशन का सचिव बनाया। अपने सबसे प्रसिद्ध फ़ैसले में उन्होंने हिंदू धर्म में धर्मातरण को उचित ठहराया तथा फ़ैसला दिया कि ऐसे धर्मांतरित लोग जाति बहिष्कृत नहीं हैं। कुछ सालों तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि रहे और इसके अमरावती अधिवेशन 1897 की अध्यक्षता की, उन्होंने द मद्रास रिव्यू एवं द मद्रास लॉ जर्नल की स्थापना और संपादन किया।

### राष्ट्रवादी


सी. शंकरन नायर के बारे में कोई शक नहीं था कि वह एक प्रखर राष्ट्वादी थे। हालांकि, वह कट्टरपंथी राष्ट्वादी नहीं थे जो दूसरों में क्या अच्छा है इसे देखकर अंधे हो जाए, इसलिए उन्होंने जहां एक तरफ ब्रिटिश संसदीय संस्थाएं, देशप्रेम और उद्योगों की सराहना की, वही दूसरी तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था पर ब्रिटिश राज के दुष्प्रभावों को उजागर भी किया।

### व्यक्तित्व

सी. शंकरन नायर राजनीति में उदारवादी और नरमपंथी थे। सर शंकरन की मौजूदगी उतनी ही प्रभावशाली थी, जितनी उनकी योग्यता। अपने जीवनकाल में वह जिस भी क्षेत्र में गए, वहां उन्होंने ऊंचाईयों को छुआ। वह एक देशप्रेमी थे जो अपने लोगों की भलाई के लिए कार्य करता था। सामाजिक सुधारों में वह अपने समय से कहीं आगे थे और उनका योगदान काफ़ी अहम था।

### नाइट की उपाधि

सी. शंकरन 1915 में शिक्षा सदस्य के रूप में वायसराय की परिषद में शामिल हुए। इस कार्यालय में उन्होंने बार-बार भारतीय संवैधानिक सुधारो का आग्रह किया और मॉटेग्यू-चेम्सफ़ोर्ड योजना (22 अप्रैल 1918 को अधिसूचित) का समर्थन किया, जिसके अनुसार, ब्रिटिश साम्राज्य के तहत भारत को धीरे-धीरे स्वशासन हासिल



क़ानून का इस्तेमाल किए जाने के विरोध में 1919 में परिषद से त्यागपत्र दे दिया। 1904 में उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें किंग एम्परर द्वारा कमांडर ऑफ इंडियन एम्पायर÷ की उपाधि से नवाजा गया और साल 1912 में उन्हें नाइट की पदवी से सम्मानित किया गया। सी. शंकरन नायर लंदन में 1920-1921 तक भारत राज्य सचिव के सलाहकार तथा भारतीय राज्य परिषद के सदस्य 1925 तक रहे।

### ब्रिटिश कार्रवाई की आलोचना

सी. शंकरन नायर ने अखिल भारतीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया, जिसने 1928-1929 में भारतीय वैधानिक समस्याओं के बारे में, ख़ास कुछ न हासिल करते हुए, साइमन आयोग (भारतीय वैधानिक आयोग, जिसमें ब्रिटिश राजनीतिज्ञ थे) से भेंट की। अपनी पुस्तक गांधी ऐंड एनार्की (1922) में सी. शंकरन नायर नें गांधी के असहयोग आंदोलन तथा फ़ौजी क़ानून के तहत ब्रिटिश कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। एक ब्रिटिश अदालत ने निर्णय दिया कि इस पुस्तक में 1919 के पंजाब विद्रोह के दौरान भारत के लेफ़्टिनेंट गवर्नर सर माइकल फ़्रांसिस ओ डायर की मानहानि की गई है।

### मृत्यु

सी. शंकरन नायर की मृत्यु 24 अप्रैल 1934, मद्रास 6वर्तमान चेन्नई8 में हो गई।

# एक साल में 7 गुना बढ़ा यह शेयर, अब रॉकेट जैसी तेजी, खरीदने की मची लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार के एक्सचेंज- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) लिमिटेड के शेयरों की भारी डिमांड है। लगातार दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को इस शेयर में 14त्न की बढ़त दर्ज की गई और 3,247.40 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। बता दें कि कंपनी के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई है।

पिछले एक महीने में बीएसई के शेयर 35त्न चढ़े हैं। मार्च में 6.3त्न की बढ़त दर्ज की गई तो फरवरी में 2त्न की बढ़त और जनवरी में 4.6त्न की बढ़त के बाद अप्रैल महीने में शेयर 24त्न बढ़ गया है। दिसंबर 2023 को छोड़कर, पिछले साल अप्रैल से नवंबर के बीच हर महीने शेयर में रॉकेट जैसी तेजी आई थी। पिछले 12 महीनों में शेयर लगभग 7 गुना बढ़ गया है। पिछले साल शेयर ने 52-सप्ताह का निचला स्तर 458 बनाया था।

पिछले महीने ब्रोकरेज फर्म इन्वेस्टेक ने बीएसई के शेयर पर होल्ड से अपग्रेड करके खरीदें कर दिया था। इसके साथ ही शेयर के 2800 तक जाने का अनुमान लगाया था। अब बीएसई ने इन्वेस्टेक के टारगेट को पार कर लिया है।


इन्वेस्टेक ने अपने नोट में लिखा था कि वह मार्च तिमाही में बीएसई के लिए बेहतर मार्जिन प्रोफाइल की उम्मीद कर रहा है। हालांकि, यूएलजेके फाइनेंशियल सर्विसेज नाम की एक फर्म ने बीएसई के लिए टारगेट प्राइस ?3800 रखा है।

प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में 108.2 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हासिल किया।

इसकी तुलना में एक्सचेंज ने एक साल पहले की अवधि में 51.6 करोड़ रुपये का प्रॉफिट कमाया था।

अक्टूबर-दिसंबर अवधि में एक्सचेंज ने अपना अब तक का उच्चतम तिमाही राजस्व 431.5 करोड़ रुपये हासिल किया, जो कि एक साल पहले की अवधि में पंजीकृत 245 करोड़ रुपये से 76 प्रतिशत अधिक है।

## पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट, लगातार 5 दिन से चढ़ रहा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10% बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9% दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27% की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55त्न की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने FY24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा। इसके अलावा FY24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का FY23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है।

## 50 पैसे के शेयर ने दिया 200000% रिटर्न, तिमाही नतीजे के बाद तूफानी तेजी, शराब बनाने वाली है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। शराब बनाने और बेचने वाली कंपनी पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज के शानदार तिमाही नतीजे के बाद इसके शेयर में रॉकेट जैसी तेजी आई है। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को इस शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा और भाव 522.90 रुपये पर जा पहुंचा। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। शेयर की कीमत मई 2023 में 45.20 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज का नेट प्रॉफिट 818.22%बढ़कर 43.34 करोड़ रुपये हो गया।

एक साल पहले मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान यह 4.72 करोड़ रुपये था। मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री एक साल पहले की इसी अवधि के 194.78 करोड़ रुपये के मुकाबले 36.84त्न बढ़कर 266.53 करोड़ रुपये हो गई। समूचे वित्त वर्ष की बात करें तो नेट प्रॉफिट 391.54% बढ़कर 109.76 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, बिक्री 29.16त्न बढ़कर 774.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीएसई पर यह शेयर एक साल की अवधि में 1000त्न तक का रिटर्न दे चुका है। वहीं, इस शेयर तीन साल की अवधि में 4500त्न से ज्यादा चढ़ा है। 10 साल की अवधि में शेयर ने 5500% तक का रिटर्न दिया है। अगर साल 2004 की बात करें तो शेयर की कीमत 1 रुपये से भी 50 पैसे के स्तर पर थी। इस तरह, 20 साल की अवधि का रिटर्न करीब 200000त्न का रहा है। पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में शुगर, गुड़, खोई और इथेनॉल का निर्माण और बिक्री करती है। कंपनी चीनी और डिस्टिलरी सेगमेंट के जरिए काम करती है। यह माल्टा, मार्शल, व्हिस्लर, कामेट, इंद्री ट्रिनी, कैमिकारा रम, रॉयल हाईलैंड और गोल्डन विंग्स ब्रांड नामों के तहत शराब भी बनाती है। कंपनी की स्थापना 1994 में हुई थी और यह चंडीगढ़ में स्थित है।

## धड़ाधड़ 2 बार बोनस शेयर, 15 रुपये से 1900 रुपये के पार पहुंचा यह मल्टीबैगर



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोलर कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में मंगलवार को तूफानी तेजी देखने को मिली है। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर 5त्न की तेजी के साथ 1913.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। सोलर कंपनी के शेयरों ने मंगलवार को 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में पिछले 6 महीने में 260 पर्सेंट का उछाल आया है। मल्टीबैगर सोलर कंपनी ने पिछले 2 साल से भी कम में अपने निवेशकों को 2 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है।

केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में पिछले 3 साल में धुआंधार तेजी आई है। कंपनी के शेयर 22 अप्रैल 2021 को 15.37 रुपये पर थे। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर 23 अप्रैल 2024 को 1913.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। मल्टीबैगर कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 साल में निवेशकों को 12347 पर्सेंट का तगड़ा रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक साल में केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 497 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल 2023 को 320.53 रुपये पर थे। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर 23 अप्रैल 2024 को 1913.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में इस साल अब तक 100 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 1 जनवरी 2024 को 952.57 रुपये पर थे, जो कि 23 अप्रैल को 1900 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

## 1500 के पार जाएगा अडानी का यह शेयर! कर्ज कम करने पर कंपनी का फोकस



नई दिल्ली (एजेंसी)। गौतम अडानी समूह की कंपनी- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के शेयर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल ने अपने लेटेस्ट नोट में अडानी के इस शेयर को खरीदने की सलाह दी है। इसके साथ ही शेयर के लिए टारगेट प्राइस भी तय किया है।

ब्रोकरेज के मुताबिक अडानी पोर्ट्स मजबूत कैश फ्लो के साथ अपनी बैलेंस शीट की स्थिति में लगातार सुधार कर रही है। परिचालन क्षमता और कार्गो वर्सेटाइल के कारण अडानी समूह की इस कंपनी की बड़ी बाजार हिस्सेदारी है। मोतीलाल ओसवाल ने शेयर के लिए 1590 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। इसके साथ शेयर पर अपनी खरीदें रेटिंग बनाए रखी है। मंगलवार को बीएसई पर अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.75 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 1338.50 रुपये पर पहुंच गए। इस कीमत पर अडानी पोर्ट्स पर मोतीलाल का टारगेट प्राइस करीब 20 प्रतिशत की संभावित बढ़त का दिखाता है।

घरेलू ब्रोकरेज का मानना ??है कि अडानी पोर्ट्स का परिचालन से कैश फ्लो वित्त वर्ष 24-26 के दौरान सालाना 13 फीसदी की दर से बढ़ सकता है। उसका मानना ??है कि इसका उपयोग पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करने और कर्ज कम करने के लिए किया जाएगा।

बता दें कि अडानी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 42 करोड़ टन माल ढुलाई का प्रबंधन किया। भारत के सबसे बड़े निजी बंदरगाह संचालक द्वारा की जाने वाली माल ढुलाई में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह भी शामिल हैं। कंपनी के घरेलू बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 40.8 करोड़ टन से अधिक माल ढुलाई का प्रबंधन किया। कंपनी ने 2014 में करीब 1.43 करोड़ माल ढुलाई का प्रबंधन किया। मार्च 2024 में उसने 4.28 करोड़ का प्रबंधन किया, जो तीन गुना वृद्धि दर्शाता है।

## एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक, लगा अपर सर्किट



नई दिल्ली (एजेंसी)। एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5त्न का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया। बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी।

यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550% से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे 9MW विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# भारतीय रेल में इन दिनों लगातार स्लीपर कोच की संख्या घटाने और एसी कोच की संख्या बढ़ाने से कम आय वाले रेल यात्री परेशान हैं

भोपाल। भारतीय रेल में इन दिनों लगातार स्लीपर कोच की संख्या घटाने और एसी कोच की संख्या बढ़ाने से कम आय वाले रेल यात्री परेशान हैं। क्योंकि एक तरफ स्लीपर कोच की संख्या घटने से उन्हें मजबूरन एसी टिकट लेना पड़ रहा है। वहीं टिकट कंफर्म न होने से स्लीपर कोच में बेदम करने वाली भीड़ देखी जा रही है। रेवांचल एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस समेत कुछ अन्य ट्रेनों में छह स्लीपर कोच को कम कर दिया गया है। उनकी जगह दो थर्ड एसी इकोनामी कोच लगा दिए गए हैं। थर्ड एसी इकोनामी कोच का किराया स्लीपर के किराए से दोगुने से भी अधिक है।गर्मी की छुट्टी और शादी के समय तो अत्यधिक भीड़



रेलवे ने एलएचबी रैक के ट्रेनों में स्लीपर कोचों की संख्या कम कर दी है। नतीजा यह है कि परेशानियों के कारण यात्रियों का सफर करना कठिन बन गया है। स्लीपर कोच की कमी के कारण स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गई है। गर्मी की छुट्टी और शादी के समय तो अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रियों की फजीहत हो रही है। अब स्लीपर कोच कम होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक थर्ड एसी इकोनामी का किराया थर्ड एसी से थोड़ा काम होता है। लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे की ओर से स्लीपर कोच की जगह थर्ड एसी इकोनामिक कोच ट्रेनों में लगाए जा रहे हैं।

यात्रियों को हो रही परेशानी

भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और रीवा के बीच चलने वाली रेवांचल एक्सप्रेस में पहले स्लीपर के 12 कोच होते थे, लेकिन इनमें से छह कोच को हटा दिया गया है। इनकी जगह ट्रेन के एसी कोच लगा दिए गए हैं। अब सिर्फ छह स्लीपर कोच बचे हुए हैं। इसी तरह भोपाल से दिल्ली जाने वाली भोपाल एक्सप्रेस में भी पहले 12 स्लीपर कोच होते थे, अब इस ट्रेन में भी छह स्लीपर कोच लगाए जा रहे हैं।

यह है किराया

रेवांचल एक्सप्रेस

स्लीपर - 355 रुपये

एसी इकोनामी - 855 रुपये

भोपाल एक्सप्रेस

स्लीपर - 410 रुपये

एसी इकोनामी - 995 रुपये

इनका कहना है

ट्रेन से भोपाल से रीवा आए। स्लीपर कोच कम होने के कारण बचे हुए कोच में बहुत ज्यादा भीड़ थी। हालात जनरल डिब्बे जैसे थे, क्योंकि जिन लोगों का टिकट वेटिंग में था। वह कंफर्म न होने के कारण ऐसे सभी यात्री कोच में मौजूद थे, जिससे डिब्बों के लोगों के बहुत बुरे हालत थे। पहले ये भीड़ कई स्लीपर कोच में बंट जाती थी, इससे समस्या नहीं होती थी।

**- प्रदीप नापित, यात्री**

पहले स्लीपर कोच में टिकट आसानी से मिल जाते थे, लेकिन कोच को कम करने के बाद से स्लीपर में ज्यादातर वेटिंग ही रहती है। वहीं थर्ड एसी इकोनामी में भी किराया स्लीपर से दो गुना है, इससे यात्रा की जेब पर काफी असर पड़ रहा है। अब टिकट कंफर्म होने के बाद भी भीड़ के कारण पूरी सीट नहीं मिल पा रही हैं।

**- नम्रता नागर, यात्री**

## शहर में लगेगा गर्भवतियों के लिए ओवरआल चेकअप शिविर

भोपाल। हाई रिस्क गर्भवतियों के चेकअप के लिए गुरुवार को 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में ओवरआल चेकअप शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान इन सभी महिलाओं को एंबुलेंस 108 से मुफ्त पिकअप एंड ड्रापबैक की सुविधा भी दी जा रही है। बता दें कि हर माह की नौ व 25 तारीख को स्वास्थ्य संस्थानों में एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत यह सुविधा दी जा रही है, जिसमें शारीरिक व मानसिक स्क्रीनिंग एक साथ होती है। जिसमें मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रहें। इस दौरान गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी भी दी जाएगी। चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाईटिस, ओरल ग्लूकोज टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की जाती है। तनाव व मानसिक रोग के बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को लक्षणों और उपचार के संबंध में जानकारी दी जाती है।

अस्पतालों में क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं, जिनको स्कैन करके गर्भावस्था से जुड़ी जानकारी ली जा सकती है। चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की पहचान कर सलाह व दवाइयां दी जाती हैं। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार सोनोग्राफी एवं थायराइड की जांच भी की जाती है। महिलाओं को निश्शुल्क परिवहन के लिए 108 एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी के अनुसार इस सुविधा के तहत एम्स, जेपी अस्पताल, डा. कैलाशनाथ काटजू महिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल बैरागढ़, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत अस्पताल, हमीदिया के गायनिक विभाग, सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर और कोलार में यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श और जांच के लिए लाया जाता है।




## किसी भी प्रतिष्ठान का संचालन विभागीय अनुमति व लाइसेंस के बगैर न हो



ग्वालियर। किसी भी प्रतिष्ठान का संचालन विभागीय अनुमति व लाइसेंस के बगैर न हो। जिन प्रतिष्ठानों में प्रविधानों का पालन नहीं हो रहा हैं, ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को चिह्नित करें और प्रविधानों का पालन व विधिवत अनुमति प्राप्त करने के लिए 15 दिन का अवसर दें। इस समयावधि के बाद भी जिन संस्थानों द्वारा यह कार्य नहीं कराया जाए, उन संस्थानों के खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने आदेश जारी कर यह निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।विभागीय स्तर पर गठित दल करेगा निरीक्षण

जान-माल की सुरक्षा और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह आदेश जारी किया गया है। प्रतिष्ठानों में नियमों, निर्देशों व प्रावधानों का पालन हो रहा है या नहीं, इसका निरीक्षण प्रभावी कार्य योजना बनाकर करने के निर्देश कलेक्टर चौहान ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने गर्मी के मौसम में अग्नि दुर्घटनाओं की संभावना को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर विभागीय स्तर पर दल गठित कर विभिन्न प्रकार के संस्थानों में निर्धारित मापदंडों मसलन फायर सेफ्टी और विद्युत सुरक्षा के तय मानकों के अनुरूप निरीक्षण कराने निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि अनियमितता पाए जाने पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन 15 दिवस में मांगा है। साथ ही हर माह की पांच तारीख तक नियमित रूप से मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।हर संस्थान की हर स्तर पर होगी जांच

जिला दंडाधिकारी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जमीन की खरीदी-बिक्री से लेकर भवन, दुकानें, फैक्ट्री, माल, सिनेमा हाल, हास्पिटल, स्कूल, कोचिंग सेंटर, होटल, लॉज, मैरिज गार्डन, ज्वलनशील सामग्रियों का भंडारण व विक्रय इत्यादि संस्थान के निर्माण के लिए सभी संबंधित विभागों में नामांतरण, डायवर्सन, भवन निर्माण अनुज्ञा लेना अनिवार्य है। साथ ही विभागीय दिशा-निर्देशन के तहत विद्युत सुरक्षा व फायर सेफ्टी का पुख्ता इंतजाम एवं लायसेंस प्राप्त करने का प्रावधान है।

जिला दंडाधिकारी ने गत 19 अप्रैल को ग्वालियर शहर के एक मैरिज गार्डन में आग लगने की घटना का जिक्र करते हुए आदेश में उल्लेख किया है कि यदि समय रहते बचाव कार्य नहीं किए गए होते तो जनहानि हो सकती थी। इस प्रकार की घटनाओं से प्रकाश में आया है कि संबंधित भूमि स्वामी द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन न कर अपनी सुविधा के अनुसार निर्माण कराकर मनमाने तरीके से उपयोग किया जाता है। कलेक्टर ने अपेक्षा की है कि नियम व प्रावधानों का पालन कर सभी संबंधित विभाग अनुमतियां व लाइसेंस जारी करें। उन्होंने आदेश में उल्लेख किया है कि प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कराएं।

साथ ही यह भी देखें कि प्रस्तावित भवन जिस प्रयोजन से बनाया जा रहा है वह आसपास के रहवास के लिए उपयुक्त है अथवा नहीं। प्रस्तावित क्षेत्र में कोई शासकीय जमीन या भवन की जमीन, तो उपयोग में नहीं आ रही या अतिक्रमण तो नहीं हो रहा। भवन का निर्माण अनुमति के अनुरूप हो रहा है कि नहीं। जिस कारोबार के लिए लाइसेंस की जरूरत है उससे संबंधित भवन निर्माण इत्यादि के बाद कार्य उपयोगिता प्रमाण- पत्र जारी किया जाए।

## दवा विक्रेता से 10000 लूटने की कोशिश

जबलपुर। शुक्ला नगर गढ़ा इंदिरा गांधी वार्ड निवासी दवा विक्रेता से एक साइबर ठग ने 10000 रुपए की ठगी का प्रयास किया। घटना सोमवार रात की है। दवा विक्रेता ने बताया कि सोमवार रात उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को जबलपुर में सिविल लाइन थाने का प्रभारी बताया। उसने दवा विक्रेता से कहा कि क्षेत्र के एसडीएम साहब के लिए कुछ दवाइयां खरीदनी हैं। इसके बाद उसने विक्रेता व्हाट्सएप पर दवा के नाम लिखकर भेज दिया।कथित थाना प्रभारी ने पुनः फोन कर कहा कि ऑनलाइन भुगतान कर रहा है

कथित थाना प्रभारी ने कहा कि वह दवाइयां निकाल कर रख ले कुछ देर बाद एक आरक्षक दुकान से दवाएं प्राप्त कर लेगा। दवा विक्रेता ने दवाई निकालना जिसकी कीमत लगभग 2700 रुपए हुई। कथित थाना प्रभारी ने पुनः फोन कर कहा कि वह दवा की कीमत का ऑनलाइन भुगतान कर रहा है। कुछ देर बाद उसने दवा विक्रेता के व्हाट्सएप पर एक स्क्रीनशॉट भेजा। जिसमें 12700 के भुगतान की जानकारी थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी बने साइबर ठग ने कहा कि एसडीएम साहब ने गलती से10000 का अतिरिक्त भेज दिए हैं। इसलिए दवा विक्रेता10000 वापस कर दे जिसके लिए वह क्यूआर कोड भेज रहा है।ऑनलाइन भेजी गई रकम की सूचना नहीं पहुंची है दवा विक्रेता ने बताया कि अभी तक उसके पास ऑनलाइन भेजी गई रकम की सूचना नहीं पहुंची है। जिसका मैसेज आते ही वह?10000 लौटा देगा। परंतु कच्छ थाना प्रभारी दवा विक्रेता पर दबाव बनाता रहा की एसडीएम साहब का पैसा है, इसलिए वह बिना देर किए 10000 लौटा दे वरना रिजर्व बैंक में शिकायत कर उसका बैंक खाता बंद करवा दिया जाएगा। दवा विक्रेता ने जवाब दिया कि उसके बैंक अकाउंट में इतने पैसे नहीं है कि 10000 लौट सके परंतु भेजे गए 12700 का मैसेज मिलते ही वह 10000 वापस कर देगा। एसडीएम साहब को अस्पताल के खाते में10000 ट्रांसफर करनाकथित थाना प्रभारी ने कहा कि एक घायल व्यक्ति अस्पताल में पड़ा है इसके इलाज के लिए एसडीएम साहब को अस्पताल के खाते में10000 ट्रांसफर करना है इसलिए पैसों की जरूरत है। 10000 संभव नहीं हो पा रहे हैं तो अभी 5000 ही एसडीएम साहब द्वारा दिए गए क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर दें।



# दो लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है। निर्वाचन निगरानी के मद्देनजर प्रदेश में 691 फ्लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 833 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 39 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

# मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता साक्षरता क्लब का गठन




इंदौर। भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय मे कैंपस एंबेसेडर एवं मतदाता साक्षरता क्लब का गठन विशेष रूप से किया गया। विद्यार्थियों के सहयोग से स्लोगन, पोस्टर, रैली का आयोजन किया गया। पालकों के नाम पाती के द्वारा स्वयं मतदान करने एवं मतदान के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। केंपस एम्बेसडर को वर्कशॉप के द्वारा मतदान जागरूकता गतिविधि की जानकारी भी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान की प्रभारी डॉ. अंजली जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी रखते हुये हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजन नियमित रूप से किये जायेंगें।

# प्रेस्टीज मॉडल यूनाइटेड नेशन्स में डीपीएस, साईं विद्या विहार के छात्रों को सर्वश्रेष्ठ सांसद, प्रतिनिधि घोषित किया गया




इंदौर। प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित तीन-दिवसीय प्रेस्टीज मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 2024 में डीपीएस राउ के छात्र आग्रिम सोनी को लोकसभा में सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार, सत्य साई विद्यालय की न्यासा ठक्कमन को महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग में सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं चोइथराम स्कूल की आराध्या जखेटिया ने सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समिति में सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि का पुरस्कार हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस में सत्य साई विद्यालय के अक्षय अय्यर और शिशुकुंज स्कूल की देशना कलरा को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर और सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर का पुरस्कार दिया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए, एनसीसी इंदौर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन ने कहा कि प्रेस्टीज मॉडल यूनाइटेड नेशन्स ने छात्रों को संयुक्त राष्ट्र के कार्यों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की गहरी समझ प्रदान की। उन्होंने छात्रों को भारतीय शांति सेना और ईरान-इजरायल संघर्ष के बारे में भी बताया।

एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिभा कनूनगो ने कहा कि इस तरह के आयोजनों में भाग लेने से छात्रों में जीवन और समस्या समाधान कौशल विकसित होते हैं।

डेली कॉलेज, इंदौर में सीआईई और प्लेसमेंट सेल की डीन डॉ. अस्मा अंसारी ने कहा कि मॉडल यूनाइटेड नेशन्स जैसा कार्यक्रम युवा छात्रों को वैश्विक मुद्दों को समझने, महत्वपूर्ण सोच और प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में कार्य करता है।

होलिस्टिक मेडिसिन हीलर डॉ. सुधीर खेतवाल ने छात्रों को मन की शक्ति और समग्र उपचार तकनीकों के बारे में शिक्षित किया।

पीआईएमआर के वरिष्ठ निदेशक डॉ. देबाशीष मल्लिक ने गरीबी, भूख और कल्याण से संबंधित तीन सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की, शांति और सद्भाव में रहने के महत्व पर बल दिया।

पीआईएमआर के निदेशक कर्नल डॉ एस रमन अय्यर ने कहा कि मॉडल संयुक्त राष्ट्र छात्रों को वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

# भवन मालिक एक माह की अवधि में अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें- कलेक्टर श्री आशीष सिंह

इंदौर। ज़िले में लगभग 25 हजार से अधिक बिल्डिंग ऐसी हैं जो साढ़े 12 मीटर से अधिक ऊँचाई की हैं जिनमें अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय ज़रूरी हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इन सभी भवन मालिकों को एक माह की अवधि प्रदान की है कि वे अपने भवनों में अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा है कि इस अवधि के पश्चात निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया है कि इंदौर में ऐसे व्यापारिक एवं वाणिज्यिक भवनों का चिन्हांकन कर लिया गया है जहाँ पर फ़ायर फ़ाइटिंग के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाने हैं एवं तदानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाना हैं। व्यापारिक और वाणिज्यिक भवनों में जिनकी ऊँचाई 10 मीटर से कम हैं वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फ़स्ट हॉज रील, डाउन राइजर, मैन्यूअली फ़ायर अलार्म सिस्टम, टैरस टैंक (10 हज़ार लीटर) और फायर पम्प (450 एलपीएम) होना आवश्यक है।

ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊँचाई 10 मीटर से 15 मीटर के बीच में हैं वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फ़स्ट हॉज रील, डाउन राइजर, ऑटोमेटिक (बेसमेन्ट एरिया 200 द्व2), मैन्यूअली फ़ायर अलार्म सिस्टम, अन्डरग्राउड वाटर (50 हजार लीटर), टैरस टैंक (5 हज़ार लीटर) और फायर पम्प होना आवश्यक है।

ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से 30 मीटर के बीच है, वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फ़स्ट हॉज रील, वेट राइजर/डाउन कमर, ऑटोमेटिक स्पिंकलर, यार्ड हाईड्रेंट, मैन्यूअली फ़ायर अलार्म सिस्टम एवं ऑटोमेटिक अन्डरग्राउड वाटर टैरस पंप, अंडर ग्राउड वाटर (डेढ़ लाख लीटर) और टैरस टैंक (20 हजार) और फ़ायर पम्प होना ज़रूरी है।

# आम,चीकू, फालसा के पेड़ होंगे नीलाम

इंदौर। इंदौर के शासकीय उद्यान फलबाग में 29 अप्रैल को दोपहर 3 बजे फलबहार की नीलामी की जायेगी। जिसमें आम के 08, चीकू के 26 तथा फालसा के 50 इस तरह कुल 84 पेड़ों के फलबहार की नीलामी होगी। कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान फलबाग अर्जुननगर अवासा टाउनशिप के सामने ए.बी. रोड इन्दौर से विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए तीन उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल

इंदौर। इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन आज तीन उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। आज श्री लीलाधर चौहान (इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं निर्दलीय), श्री धर्मेंद्र सिंह झाला (भूतपूर्व वायु सैनिक) (निर्दलीय) तथा श्री संजय सोलंकी (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये।

इन्हें मिलाकर अब तक कुल 8 उम्मीदवार नाम-निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल (गुरूवार) है।

# मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी?। पहले चरण के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। दूसरे चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में सभी चरणों के मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे। श्री राजन ने बताया कि दूसरे चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ एवं बैतूल (अजजा) में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

# इंदौर जिले में गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, बैठक, पंखे-कूलर, पेयजल आदि की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था



इंदौर। इंदौर जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। जिले में गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया, बैठक, पंखे-कूलर, पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं रखी जायेगीं। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी विशेष इंतजाम रहेंगें। इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों पर उक्त सभी व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से की जाये। इन व्यवस्थाओं में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों की मदद भी ली जाये।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी तथा श्री महेश शर्मा, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, सीएसआई व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शहर में अधिक से अधिक मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यो के साथ ही शहर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रेसीडेंसी एरिया, मूसाखेड़ी क्षेत्र, मयूर नगर, मालवा मिल क्षेत्र, पंचम की फेल व अन्य स्थानों पर स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर शहर के सामाजिक, शैक्षणिक, व्यापारिक व विभिन्न संस्था/संगठनों के माध्यम से 13 मई 2024 मतदान दिवस पर उपरोक्त व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया। बताया गया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की पहल पर शहर के मार्केटिंग एसोसिएशन के साथ-साथ होटल, मॉल, रेस्टोरेन्ट, व्यापारिक संगठनों के साथ 23 अप्रैल 2024 को शाम 4 बजे सिटी बस आफिस में बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कहा कि शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए, विभिन्न अभियान चलाये जा रहे है।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# लाख कोशिशों के बाद भी एक बार फिर गंदे नालो का दूषित पानी शिप्रा में मिला

उज्जैन। शहर के दूषित पानी की सीवरेज लाइन के चैंबर एक बार फिर रामघाट पर फूट गए। नतीजतन घाट पर गंदगी फैल गई और सारा पानी शिप्रा में जा मिला। स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

सोमवार रात गंदा पानी सदावल ट्रिटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिये रामघाट के किनारे से डाली गई पाइप लाइन चौक हो गई और चैम्बर फूट गये। चैम्बरों से पानी के फव्वारे निकलना शुरू हुए। मंगलवार सुबह तक गंदा पानी शिप्रा में मिलता रहा।

सिंहस्थ 2016 के पूर्व नगर निगम द्वारा नालों का पानी शिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिये योजना बनाई गई थी जिसके अंतर्गत शिप्रा नदी के किनारे लालपुल, जयसिंहपुरा, रूद्रसागर की ओर से आने वाले नालों को पाइप लाइन के माध्यम से सदावल ट्रिटमेंट प्लांट तक ले जाना था। इसी के लिए रामघाट के किनारे सीवरेज लाइन बिछाई गई थी। इस लाइन के चौक होने से अक्सर गंदा पानी चैम्बरों से निकलकर नदी में मिल जाता है।

इस वजह से चैम्बर फोड़कर फव्वारों की तरह निकला नालों का पानी दो दिन पहले बड़े पुल के पास इसी पाइप लाइन के ओवर फ्लो व चौक होने की जानकारी पीएचई अफसरों को दी गई थी। खास बात यह कि पाइप लाइन के चैम्बर के पास लाइन चौक होने पर पानी रोकने के लिये बनाये गये चाबी वाले पाइंट को खोलकर किसी व्यक्ति द्वारा उसमें पत्थर फंसा दिया गया था। यहीं से पानी आगे की तरफ नहीं बढ़ रहा था और परिणाम यह हुआ कि पाइप लाइन में पीछे से आ रहे पानी का दबाव नदी किनारे के चैम्बर झेल नहीं पाये और बीती रात करीब 9 बजे एक के बाद एक 4 चैम्बर फूट गये जिनमें से नालों का पानी फव्वारों की तरह बहने लगा। शासन द्वारा शिप्रा



नदी में दूषित पानी मिलने से रोकने के लिये किये गये सारे प्रयास विफलता की कहानी स्वयं कह रहे हैं। सच्चाई यह है कि कागजों पर बनाई गई योजनाएं जमीनी हकीकत पर बदल रही हैं, मोक्षदायिनी शिप्रा में दूषित पानी देखकर श्रद्धालु आहत हो रहे है। प्रतिदिन की तरह आज भी हजारों की संख्या में देशभर के श्रद्धालु नदी में स्नान, पूजन, आचमन और तर्पण के लिये पहुंचे। अनेक लोग अपने परिवार, महिला, बच्चे, बुजुर्गों के साथ नदी में नहाने आये थे। यह लोग नदी में कान्ह का दूषित पानी स्टोर होने या पाइप लाइन फूटने से सीधे नदी में मिल रहे नालों के दूषित पानी से अनजान थे। नाले के पानी से निकलकर लोग रामघाट की तरफ जा रहे थे और नदी में डुबकियां लगा रहे थे।

# जैन समाज के 100 से अधिक बच्चों ने दी धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



उज्जैन। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत होने वाले त्रिदिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन जैन सोश्यल ग्रुप सागर के द्वारा जैन बालक और बालिकाओं का धार्मिक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पारस जैन पूर्व मंत्री एवं संजय बाफना, कार्यक्रम संयोजक महावीर जयंती महोत्सव समिति के संजय जैन खलीवाला, संजीव जैन, प्रफुल्ल गादिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें जैन समाज के उदीयमान लगभग 100 बालक एवं बालिकाओं ने प्रस्तुति में भाग लिया। इन सभी बालक बालिकाओं का बहुमान ग्रुप के अध्यक्ष निलेश जैन एवं सचिव विनोद जैन द्वारा किया गया। इन सभी कार्यक्रमों की कोरियोग्राफी वर्षा चत्तर के द्वारा की गई। संचालन श्वेता भंडारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुशील जैन, दिलीप गावड़ी, पंकज लिग्गा, रविंद्र जैन, धर्मेंद्र जैन थे। कार्यक्रम के सहयोगी सीमा दुग्गड, अंजू मनोज सुराना, रश्मि पटनी, प्रीति बरबोटा, आशा छाजेड़, शैलबाला श्रीमाल, संगीता गदिया, मनीषा ओरा, नीताजी जैन, नवरत्न महिला मंडल रहे। त्रिदिवसीय महोत्सव समिति का आभार संजय जैन खलीवाला ने माना।

## हनुमान जन्मोत्सव पर किया विशेष श्रृंगार

उज्जैन। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पिपली नाका स्थित वीर विजय हनुमान मंदिर पर पवन पुत्र हनुमान का विशेष आकर्षण श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर के व्यवस्थापक अभिषेक देवड़ा समाजसेवी एवं भाजपा नेता मनोहर गहलोत के अलावा मिलिंद देवड़ा वंश देवड़ा नरेंद्र बागड़ी गुड्डू मारोठिया सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिनभर श्रद्धालु जन मंदिर में दर्शन करने पहुंचे।



# रीजन कॉन्फ्रेंस निरंतर में लायंस क्लब क्षिप्रा को आठ अवार्ड



उज्जैन। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3233 जी2 रीजन येलो के रीजन चेयर पर्सन पीएमजेएफ लायन श्रीकांत वैशंपायन की रीजन कॉन्फ्रेंस ÷निरंतर÷ में पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ. जेपीएस जोहर, मुख्य अतिथि पीएमजेएफ विनोद कुमार लाडिया, चेयरमेन लायंस क्लब कौंसिल ऑफ़ इंडिया, विशिष्ट अतिथि पीएमजेएफ. लायन प्रवीण वशिष्ठ द्वितीय डिस्ट्रिक गवर्नर की उपस्थिति में लायंस क्लब क्षिप्रा को 8 महत्वपूर्ण अवार्ड से सम्मानित किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन अश्विन कासलीवाल को बेस्ट डायमंड अध्यक्ष, लायन अभय दाता को बेस्ट डायमंड सचिव एवं लायन पदमाकर मुले को बेस्ट डायमंड कोषाध्यक्ष विशिष्ठ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही ऑल सर्विस एक्टिविटी, बेस्ट सर्विस, एक्टिविटी, लायन पिन कलेक्शन, और वेस्ट जॉन चेयर पर्सन का अवार्ड लायन दीपक राजवानी को दिया गया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन नरेन्द्र खण्डेलवाल और चेयरमैन अश्विन मेहता द्वारा सभी क्लबों के अध्यक्ष द्वारा बैनर प्रेजेंटेशन का कार्य सम्पादित किया गया। रीजन कॉन्फ्रेंस में क्लब के पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन प्रवीण खंडेलवाल, लायन अश्विन मेहता, एमजेएफ लायन राजेंद्र शाह, लायन विनोद जैन को भी सम्मानित किया गया। पूर्व क्लब अध्यक्ष और वर्तमान सहसमन्वयक लायंस ऑफ उज्जैन लायन छाया विनीत लोखंडे को मेलविन जोन्स फेलो अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन संजय सिद्धा, लायन अमित घारिया, लायन ब्रजमोहन मंत्री, लायन राजेश सोडानी, लायन विनीत लोखंडे, लायन नवीन कांकरिया, लायन मोना सिद्धा, लायन कल्पेश कुचेरिया, लायन सरबजीत सिंह, लायन रुचि कासलीवाल, लायन ममता दाता, लायन छाया लोखंडे, लायन पल्लवी मुले, लायन पारुल शाह, शैलेन्द्र गर्ग, लायन दिनेश सिंहल, लायन मीनाक्षी पाण्डे, लायन कविता गर्ग आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लायन संदीप पाण्डे ने दी।

# यूथ हॉस्टल के 70 राइडर्स पूरे प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण का दें रहे संदेश




उज्जैन। 12 जिलों से होते हुए राइडर्स पहुंचे उज्जैनदिलीप चावरेकर रतलाम, दिलीप चौहान उज्जैन, डॉ. अर्चना कोठारी रस्तोगी उज्जैन, अशोक वम् उज्जैन, वेदांत चिमान छिंदवाड़ा, राजेश हरिंदवार छिंदवाड़ा, एसए नकवी भोपाल और मान अग्निहोत्री भोपाल। इस दल की एकमात्र महिला राइडर उज्जैन की प्रतिष्ठित स्त्री रोग चिकित्सक ड अर्चना कोठारी हैं। उज्जैन यूनिट से श्री अमिताभ पंडित, रमेश झा, गोपाल महाकाल, विक्रांत सांकल भोपाल यूनिट तक मोटर साईकिल से रैली के साथ जाएंगे, जहा इस रैली का 24 अप्रैल को समापन होगा।

संस्था की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय चेयर पर्सन मनोज जोहरी ने बताया की सन 1974 से आरंभ हुई इस संस्था ने मध्यप्रदेश में अपने गोरान्वित 50 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। स्वर्ण जयंती उत्सव समारोह का भव्य आयोजन नवंबर 2024 को भोपाल में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें इस संस्था को मध्य प्रदेश में स्थापित करने वाले स्वयंसेवी सदस्यों के साथ वर्ष 2023 से 2024 से तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बिहार राज्य के गवर्नर महामहिम श्री राजेंद्र आर्लेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। श्री आर्लेकर यूथ होस्टल्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं।

पत्रकार बंधुओं से चर्चा करते हुये यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के राष्ट्रीय चैयरमैन श्री मनोज जौहरी ने बताया कि इस बाइक रैली के द्वारा संस्था के सदस्य आम जनों में जल के प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे हमारे पुराने कुएं, छोटे तालाब, पोखर, बावड़ियां आदि को संरक्षित करने की अपील करेंगे। रक्तदान शिविर साइकिल रैली भी कर चुके साल 1974 में शुरू हुई मध्य देश राज्य शाखा में वर्तमान समय में 9556 आजीवन सदस्य, 2435 द्विवार्षीक सदस्य, 1936 एक वर्षीय व 876 जूनियर सदस्य पंजीकृत हैं। मध्यप्रदेश में संस्था की 17 इकाइयाँ हैं, जिनके माध्यम से 15 जिलों में कार्य कर रही है। यह विभिन्न राज्यों में ट्रैकिंग कार्यक्रम, पैरासेलिंग, स्कीइंग, लेह माउंटेन बाइकिंग, गोवा बीच ट्रैकिंग, मानसून ट्रैकिंग, डेजर्ट ट्रैकिंग व साइक्लिंग आदि करवाती है।

यूथ होस्टल की गतिविधियों से प्रेरणा लेकर श्री गणेश गोपाल गुर्जर तत्कालीन प्रबन्धक बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री निखिलेश खरे, श्री सुरेश पांडे, श्री अविनाश महाजन, श्री सुनील मेहता, राजेंद्र हिंगड़, देवेंद्रयूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा वर्ष 2024 को स्वर्ण जयंती उत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी के रूप में संस्था के सदस्यों द्वारा एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन दिनांक 17 अप्रैल 24 से 26 अप्रैल 24 तक किया जा रहा है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण हेतु जनमानस में प्रचार करना है।

लगभग प्रत्येक शहर में एक ऐसा प्राचीन जल स्रोत रहा है जो कभी उसे शहर के लिए जल प्रदाय के लिए जीवन रेखा का काम करता था परंतु वर्तमान में अन्य स्रोतों से जल आपूर्ति होने के कारण यह प्राचीन स्रोत उपेक्षित हो चला है। वर्तमान में व्याप्त भीषण पेयजल संकट को देखते हुवे ऐसे तालाबों को, बावड़ियों, कुवों और पोखरो को संरक्षित करना बहुत ही आवश्यक है।

## महावीर इंटरनेशनल केन्द्र द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ

उज्जैन। महावीर इंटरनेशनल केन्द्र द्वारा अपनी सेवा गतिविधि के अंतर्गत जल मंदिर का शुभारंभ दशहरा मैदान रोड़ पर किया गया। यहां राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल से राहत मिलेगी। महावीर इंटरनेशनल केन्द्र उज्जैन विगत 16 वर्ष से स्वर्गीय शांतिलालजी सेठिया की पुण्य स्मृति में वीर प्रकाश गोतम सेठिया के सौजन्य से निर्मित व संचालित होने वाली शीतल जल की प्याऊ का संचालन कर रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जल मंदिर का शुभारंभ महावीर जयंति के उपलक्ष्य में दशहरा मैदान रोड़ पर ओम जैन अध्यक्ष फार्मेसी कोंसील एवं सुनील जैन संपादक दैनिक अक्षर विश्व के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भंडारी, अभय कुमार सेठिया पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, वीर राजेंद्र सिरोलिया, वीर प्रकाश सेठिया, वीर गौतम सेठिया आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com